### सुप्रीम कोर्ट ने जबलपुर के रिटायर्ड इंजीनियर की याचिका पर केंद्र सरकार को दिए निर्देश

# देशभर के राजमार्गों पर करें ट्रैफिक कंट्रोल


**अतिक्रमण हटाने की करो कार्रवाई**

**सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करो**

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट ने जबलपुर के बुजुर्ग इंजीनियर की याचिका पर केन्द्र सरकार को कहा है कि देशभर के राजमार्गों पर ट्रैफिक कंट्रोल, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। निगरानी दल गठित करें। इनमें पुलिस या अन्य दलों को भी शामिल करें। जस्टिस अभय एस ओक व जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज की खंडपीठ ने इसके लिए पुलिस व अन्य को शामिल करते हुए निगरानी दल गठित करने के निर्देश भी दिए। अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।

जबलपुर के ट्रैफिक सेफ्टी एक्टिविस्ट व रिटायर्ड इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने 2019 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने रोड एक्सिडेंट इन इंडिया 2017 का हवाला देते हुए बताया था कि उस वर्ष 53 हजार 181 लोगों की मौत राजमार्गों पर हुई और इसके लिए सुरक्षा नियमों की ढीली कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया। दलील दी गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 और राजमार्ग प्रशासन नियम, 2004 का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। हाईवे प्रशासन नियम के तहत राजमार्ग भूमि को केन्द्र सरकार की संपत्ति माना है। इसलिए, राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव करना केन्द्र सरकार की



जिम्मेदारी है, जिसमें अतिक्रमण से मुक्ति भी शामिल है। सड़क राजमार्ग प्राधिकरणों के साथ-साथ केंद्र सरकार को नियमित और समय पर राजमार्ग में गश्त सुनिश्चित करने के लिए निगरानी दल गठित करने को भी कहा गया। यह दल राजमार्गों पर अनधिकृत अतिक्रमणों के बारे में डेटा भी एकत्र करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्ग प्रशासन को निरीक्षण दलों के गठन के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश दिया गया, जो राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी करेंगे और राजमार्ग भूमि पर अनधिकृत कब्जे के बारे में डेटा एकत्र करेंगे। कोर्ट ने तीन माह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।

### हाईकोर्ट का अहम फ़ैसला

## कविता रैकवार की पार्षदी निरस्त करने का आदेश रद्द

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर संभागीय कमिश्नर के फैसले को रद्द करते हुए भाजपा की महिला पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी को बहाल करने के आदेश दिए है। जस्टिस मनिंदर सिंह बट्टी की सिंगल बेंच ने यह आदेश दिए।

पार्षद कविता रैकवार की ओर से याचिका दायर की गई। अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने कोर्ट को बताया संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने 29 अप्रैल को भाजपा की महिला पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी सिर्फ इस आधार पर रद्द कर दी थी कि उनका जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। संभागीय कमिश्नर ने यह आदेश भोपाल की उच्च स्तरीय जांच कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर सुनाया था। जबकि 29 अप्रैल को संभागीय कमिश्नर के आदेश के पहले 28 अप्रैल को हाईकोर्ट भोपाल की हाई पावर कमेटी की उच्च स्तरीय जांच को खारिज कर चुका था। जस्टिस विशाल धगट की बेंच ने अपने आदेश में कहा था कि इस तरह से किसी के आरोप मात्र लगा देने से किसी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी नहीं हो जाता। कोर्ट ने कहा था कि आप इस मामले में पहले जांच करें। जांच में जो बिंदु सामने आते है उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाए। 28 तारीख को हाई कोर्ट का फैसला आया और एक दिन बाद ही संभागीय कमिश्नर ने भोपाल की उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कविता रैकवार की पार्षदी रद्द कर दी। जिसके बाद मामले को दोबारा चुनौती दी गई। सुनवाई के बाद जस्टिस बट्टी की बेंच ने संभागीय कमिश्नर के आदेश को रद्द कर दिया।



### भाजपा ने बनाई 10 दिवसीय कार्यक्रमों की रुपरेखा

## देवी अहिल्या बाई के शौर्य, साहस और संघर्ष की गाथा जन जन तक पहुंचे

हरिभूमि जबलपुर।

मां स्वरूपा देवी अहिल्या बाई एक कुशल शासक से राजमाता और राजमाता से लोकमाता बनकर आज भी लोगो के हृदय पटल पर स्थापित है, उनकी 300वीं जयंती पर हम उनके बिंदु से विराट तक की यात्रा को स्मरण करते हुए उनके जीवन से जुड़ी शौर्य, साहस और संघर्ष की गाथा जन जन तक पहुंचाए यह आग्रह भाजपा संगठन का है, यह बात वरिष्ठ नेता डॉ जितेंद्र जामदार ने भाजपा कार्यालय रानीताल में हुई पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों से परिचर्चा के दौरान कही।

डॉ जितेंद्र जामदार ने परिचर्चा में कहा देवी अहिल्या बाई अपनी धर्म परायणता, न्यायप्रियता, परोपकार और राष्ट्रनिष्ठा के लिए जानी जाती है। मां अहिल्या नारी नेतृत्व, सेवा और न्याय से सजी शक्ति की अनुपम कहानी है। डॉ जामदार ने देवी अहिल्या बाई के जीवन, सुशासन, युद्ध कौशल एवं सुरक्षा व्यवस्था, के साथ ही उनके द्वारा किए गए सांस्कृतिक पुनरूत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, न्यायप्रिय कार्य, आर्थिक समृद्धि के प्रयास पर विस्तार से चर्चा की।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया मां अहिल्या बाई का सम्पूर्ण जीवन संसार के लिए उदाहरण रहा है और इसीलिए हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने पूरे देश में देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती पर 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन करने का आह्वान किया है इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इसी क्रम में पत्रकार और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ एक चर्चा के लिए हम एकत्र हुए है।

### 31 मई तक होंगे कार्यक्रम

देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती पर भाजपा संगठन द्वारा 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिनमे, महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन, रंगोली प्रतियोगिता, पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों से परिचर्चा, वॉकथोआन, कवि सम्मेलन, संगोष्ठी, प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान, मठ मंदिरो की सफाई अभियान, भव्य रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, जय सचदेवा, रूपा राव, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा, नुपुर लखेरा, दीपिका चौहान उपस्थित थे।

### आरआई के निलंबन पर उठे सवाल

## नगर निगम जोन क्रमांक 11 में एक और निलंबन विवादों में

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम जोन क्रमांक 11 में विभागीय अधिकारियों के निलंबन को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल ही में संभागीय अधिकारी के निलंबन को लेकर उठे सवाल अभी शांत भी नहीं हुए थे कि अब राजस्व निरीक्षक (आरआई) नरेंद्र राजपूत के निलंबन ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इसे दोषपूर्ण और अधिकार क्षेत्र से बाहर की कार्यवाही बताया है।

संघ के वरिष्ठ सदस्य अटल उपाध्याय ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रभारी अपर आयुक्त को निलंबन का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। उनका कहना था कि यदि किसी कर्मचारी को निलंबित किया जाता है, तो यह कार्रवाई उसके मूल पद से होनी चाहिए, न कि उस पद से जो



उसे केवल प्रभारी रूप में सौंपा गया हो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभारी अपर आयुक्त को प्रशासनिक नियमों की समुचित जानकारी नहीं है, और यह निर्णय कानूनन त्रुटिपूर्ण है।

संघ से जुड़े अन्य पदाधिकारियों, जैसे देवेंद्र पचौरी और आलोक अग्निहोत्री ने भी इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की दोषपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाइयों से केवल नगर निगम के नहीं बल्कि अन्य विभागों के कर्मचारियों में भी गहरा असंतोष पनप रहा है। उनका मानना है कि यदि जल्द इस फैसले को निरस्त नहीं किया गया, तो कर्मचारी वर्ग में विश्वास की कमी और प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना और बढ़ सकती है।

यह मामला केवल एक अधिकारी के निलंबन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिकारों के दुरुपयोग की संभावनाओं पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। संघ का यह भी तर्क है कि प्रभारी पद पर नियुक्त अधिकारी द्वारा लिया गया यह निर्णय नियमों और प्रक्रिया का उल्लंघन करता है, जो आने वाले समय में एक गंभीर मिसाल बन सकता है।

राज्य कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निलंबन को निरस्त नहीं किया गया और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों में बढ़ते असंतोष को देखते हुए यह मुद्दा जल्द ही राजनीतिक रंग भी ले सकता है।

## गोलबाजार से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत एसबीआई एटीएम के सामने गोलबाजार में खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगा चौक गेट नंबर 1 लार्डगंज निवासी मेडीकोज दुकान संचालक 32 वर्षीय अनूप सिंह कनौजिया ने अपने मामा ससुर जीवन चौधरी से ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड के 7491 से खरीदा था। ई रिक्शा मामा ससुर जीवन चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। गत रात लगभग 8.30 बजे से 10.30 बजे अनूप अपने परिवार को ई रिक्शा में बैठाकर गोलबजार में लगे प्रदशर्नी मेला घुमाने गया था और ई रिक्शा को एसबीआई एटीएम के सामने गोलबजार मे खड़ा कर हेंडल लाक कर प्रदर्शनी घूमने के लिये गोलबजार ग्राउण्ड चला गया था प्रदर्शनी घूमकर परिवार के साथ अपने ई रिक्शे के पास आया तो उसका ई रिक्शा गायब था जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। आसपास तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। पुलिसे ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### मंत्री श्री सिंह ने चौपाल लगाकर दी विकास कार्यों की जानकारी

## विकास के साथ-साथ समृद्धि भी आती है : मंत्री

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने वीरेन्द्रपुरी वार्ड स्थित सिद्ध नगर में चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के ऋणी हैं। माताओं-बहनों ने 20 साल तक बढ़ते वोटों से उन्हें आशीर्वाद देकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि वे चुनाव के दौरान कभी शराब व पैसे नहीं बांटे, माताओं बहनों ने भी इसका समर्थन किया।

राजनैतिक रूप से माताओं-बहनों का जो संकल्प है वह सत्यता और पवित्रता पर आधारित है। जहां माताऐं बहने होती है वहां सामाजिक बुराई नहीं पनप सकती है। एक समय था जब माता के नाम से बेटों की पहचान होती थी, आज भी अच्छे कार्य का शुभारंभ कन्या पूजन से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि वे बिना बुलाये ही ऐसे चौपालों में आकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विकास को लेकर जो बातें कहीं गई है वे पूरे तो होंगे ही, साथ ही जो नहीं कहे गये हैं, वे विकास कार्य भी होंगे। सिद्ध नगर में 5 करोड़ की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन की जानकारी देते हुए उन्होंने एक साल में किये गये बहुत से विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ स्वीकृत करायें हैं, जिससे हर व्यक्ति के घर के पास विकास की झलक दिखेगी। मंत्री सिंह ने कहा कि विकास के एक काम समाप्त होते ही दूसरे काम की गूंज शुरू हो जाती है और यह सब



माताओं-बहनों के आशीर्वाद के कारण है, जो विकास कार्य के रूप में फलीभूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला स्थापित किये, यह गौरव की बात है। देश की आधी आबादी ने कुंभ स्नान किया, जिससे पूरे विश्व में सनातन संस्कृति को एक नई पहचान मिली। मंत्री सिंह ने कहा कि पहलगांव की दर्दनाक घटना से पूरा देश एकजुट हो गया और आतंकवादियों को हमारी सेना ने उनके घर में घुसकर चुन-चुनकर मारा। पाकिस्तान की रहम की भीख के कारण युद्ध विराम हुआ। उन्होंने कहा कि युद्ध से कभी भला नहीं होता है, तबाही होती है। लेकिन जब कभी हमारे अस्मिता को चोट पहुंचती है तब यह आवश्यक हो जाता है। आज भी हमारी सेनाएं मोर्चे पर तैनात है, अगर पाकिस्तान फिर से ऐसी कायराना हरकत करता है तो देश की सेना उनका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

मंत्री सिंह ने कहा कि हमें विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना है, क्योंकि विकास से समृद्धि आती है। नर्मदा तट को सरयु के तट की तर्ज विकसित किया जायेगा। साथ ही रोप वे बनाया जायेगा, जिसमें एक रोप-वे एम्पायर टॉकिज से सदर, छोटी लाईन होते हुए गौरीघाट व गौरीघाट के उस पार तक जायेगा जिसकी लागत 750 करोड़ होगी, दूसरा रोप-वे सिविक सेंटर, अंधेरदेव, दमोहनाका होते हुए अधारताल तक बनेगा। मंत्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओव्हर जिसकी लागत 1100 करोड़ रूपये है अपनी पूर्णता की ओर है। इसके साथ ही उन्होंने कई विकास कार्यों की जानकारी दी, जिसमें कहा कि अब गढ़ा बाजार की सड़क 53 फिट चौड़ी होगी। गोरखपुर बाजार में सभी बिजली के तार अंडरग्राउंड होंगे। उन्होंने कहा कि 380 करोड़ की लागत से शीघ्र ही एक फ्लाईओव्हर छोटी लाईन फाटक से साई मंदिर तक बनेगा, जिसका एक विंग रामपुर तथा दूसरा विंग हवाबाग कॉलेज की ओर होगा। फ्लाईओव्हर के संबंध में उन्होंने कहा कि सगड़ा में भी एक फ्लाईओव्हर बनेगा तथा संजीवनी नगर से विजय नगर के बीच 190 करोड़ की लागत से भी एक फ्लाई ओव्हर बनाया जायेगा। इसके साथ ही कहा कि गौरीघाट में 6 लेन सड़क बनने जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए गौरीघाट में बिलहरी तक भी एक सड़क बनाई जायेगी और यह सब 2 साल के अंदर मूर्त रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि गौरीघाट शमशान घाट का भी सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। साथ ही नगर निगम की सड़कों को भी व्यवस्थित रूप प्रदान किया जायेगा। मंत्री सिंह ने होटल आकाश गंगा तथा नर्मदा नगर गार्डन में भी चौपाल कर जनता को संबोधित किया। इसके पूर्व उन्होंने मदन महल के पास स्थित नागपाल गार्डन कार्यालय में आम जन की समस्या को सुना और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कार्यक्रम के दौरान अभय सिंह ठाकुर, कौशल सूरी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पुरानी रंजिश पर ई-रिक्शा चालक को मारा चाकू

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत शिवाजी रामपुर में किराना दुकान सामान ले रहे एक ई रिक्शा चालक से दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश पर मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजीनगर रामपुर निवासी 19 वर्षीय ई रिक्शा चालक दीपक रजक गत रात लगभग 11 बजे ई रिक्शा से मांडवा अपने घर शिवाजीनगर जा रहा था जैसे ही घर के पास पहुंचा और किराना दुकान से सामान लेने के लिए रुका, तभी पुरानी रंजिश पर सच्चू ठाकर और शुभम गालीगलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर शुभम ने चाकू से उसके दोनों पैर की जांघ पर हमला करर घायल कर दिया और सच्चू ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 115(2), 351(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## मारपीट की वारदातों में 4 घायल

**जबलपुर।** गोरखपुर और हनुमानताल थाना क्षेत्रों में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदात में चार लोग घायल हो गए है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर निवासी 21 वर्षीय हलवाई शरद चक्रवर्ती गत दिवस अपने दोस्त नंदू तिवारी, रोहित बाबा के साथ बनिया चौगड्डा गुप्ता टेंट हाउस के पास कैलाशपुरी तरफ गए थे जहां पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। देर रात लगभग 11.45 बजे साहिल यादव और कबीर यादव आये और उससे शराब पीने के एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज कर साहिल यादव ने चाकू से उसकी दोनों जांघों पर हमला कर दिया और कबीर यादव ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

इसी तरह गोरखपुर में सैनिक सोसायटी गढ़ा निवासी 19 वर्षीय अमित प्रधान अपने दोस्त आदित्य साहू के साथ गंगानगर गढ़ा से आदित्य साहू के पुराने मकान को देखने मांडवा आये थे। रात लगभग 12.30 बजे ब्लाक



बी/19 के पास टेंडर रामपुर में मांडवा निवासी आयुष उर्फ लपरा, शेख नायाब उर्फ चिंटू, छोटा विजय, अंश ठाकुर उर्फ पांच गेयर मिले आए और आदित्य साहू से शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर सभी मिलकर आदित्य के साथ गाली गलौज की वहीं आयुष उर्फ लपरा ने आदित्य पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। वहीं अन्य लोगों ने मिलकर आदित्य को पकड़कर मारपीट कर दी। आदित्य के दोस्तों ने बीच बचाव किया तो सभी ने जान से मारने की धमकी दी। घायल आदित्य को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

वहीं हनुमानताल में बाबाटोला निवासी 24 वर्षीय करन चौधरी गत रात लगभग 10 बजे अपने भाई अविनाश के साथ अपने घर के सामने बैठा था, तभी अरबाज, चपटा, छोटू गोल्डन आये और गाली गलौज करते हुये यहां बाथरूम कैसे बना रहे हो, उसने कहा कि अपनी जगह में बना रहे हैं इसी बात पर तीनों बाथरूम बनाने के एवज में शराब पीने के लिये 3 हजार रूपये की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर अरवाज एवं चपटा ने दोनों भाईयों के साथ मारपीट कर दी तथा छोटू गोल्डन ने चाकू से करन के हाथ और अविनाश के पेट पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### माढ़ोताल थानाक्षेत्र में वारदात

## बैंक के जीएम के सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत प्लाट नं 5354 श्री कृष्णा ईको सिटी श्री राम इंजीनियरिंग कालेज के पास माढ़ोताल में यूनियन बैंक के मुख्य प्रबंधक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर गैस सिलेंडर, टीव्ही, डीव्हीआर, सैटअप बॉक्स, तीन मोबाइल और नगदी 44 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार विंध्य विहार कालोनी थाना सिविल लाईन जिला



रीवा निवासी 57 वर्षीय अमित कुमार सिन्हा यूनियन बैंक में मुख्य प्रबंधक के पद पर क्षेत्रीय कार्यालय रीवा में पदस्थ है और परिवार सहित रीवा में रहता है। जबलपुर में प्लाट नंबर 5354 श्री कृष्णा ईको सिटी श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास घर है। घर पर कोई नही रहता है उसके घर में कैमरे लगे थे। गत 19 मई को कैमरे मोबाइल पर देखने पर, कैमरे बंद बता रहे थे। गत सुबह 10 बजे अमित ने अपने परिचित के लड़के अनोखेलाल को अपने घर पर भेजा, जिसने बताया कि घर की गैलरी के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है अंदर समान बिखरा पड़ा है। सूचना पाकर वह जबलपुर आया तो देखा कि घर में रखा भारत कंपनी का गैस सिलेण्डर, एलजी कंपनी की 32 इंच एलसीडी टीव्ही, सीसीटीव्ही कैमरा का डीव्हीआर, जियो का सैटअप बाक्स, स्पाईस कंपनी के दो छोटे मोबाइल बिना सिम के, एमआई कंपनी का मोबाइल बिना सिम के, तथा घर में रखे नगदी 44 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331 (4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**खबर संक्षेप**

## श्रीमद्भागवत कथा की शोभायात्रा 28 को

**सिहोरा।** राना बस स्टैंड गणपति सदन में आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ होगा जिसमें संत ब्रह्मानंद महाराज प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। आयोजक प्रशांत गुप्ता ने बताया भागवत कथा की कलश यात्रा 28 मई को कथा स्थल से प्रारंभ होगी द्रौपती गुप्ता, रश्मि गुप्ता, आशीष गुप्ता, नीतू गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सौम्या गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने का आवाहन किया है।

## बुद्ध जयंती समारोह आज

**जबलपुर।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) जबलपुर के मीडिया प्रभारी विजय कुमार फुले ने बताया कि भारतीय बौद्धों की सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के माध्यम से पूरे भारत देश में धम्म का कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है, इसी क्रम में जबलपुर मुख्यालय में एक दिवसीय तथागत सम्यक सम्बुद्ध जयंती का आयोजन लम्हेटाघाट (बौद्ध मठ) गोपालपुर में 25 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्यालय प्रमुख मुंबई एड. एसके भंडारे होंगे, वहीं प्रमुख अतिथि संस्था के बीएच गायकवाड़, गुरुजी तथा मप्र दक्षिण राज्य के प्रभारी मुंबई डॉ. चरनदास ढेंगरे बालाघाट, गौतम पाटिल भोपाल, राजकपूर कामडे बालाघाट होंगे।

## धनगर समाज महासंघ की बैठक आज

**जबलपुर।** आल इंडिया धनगर समाज महासंघ जबलपुर महानगर की कार्यसमिति की बैठक आज 25 मई को नगर सचिव भूपेन्द्र पाल मोनू के निवास आजाद चौक रामपुर बाजार में अपरान्ह 04 बजे से आयोजित है, सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील आयोजकों ने की है।

## ओबीसी महासभा का सम्मान समारोह आज

**सिहोरा।** ओबीसी महासभा का आज रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन मझौली बायपास रोड स्थित पैलेस में प्रात 11 बजे आयोजित है इस अवसर पर महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी के पदाधिकारी नवगठित कार्यकारिणी को सामाजिक सरोकार का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यक्रम आयोजक जिला अध्यक्ष छोटे पटेल ने बताया आयोजन में राष्ट्रीय कोर कमेटी के एडवोकेट वैभव सिंह, धर्मेंद्र सिंह इंजीनियर, महेंद्र सिंह लोधी,डॉक्टर पुष्पराज सिंह पटेल, अरविंद दांगी, लोकेंद्र गुर्जर के साथ प्रदेश अध्यक्ष महासभा डॉ बृजेंद्र सिंह यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल, सुनील कुमार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रानी रैकवार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव का सम्मान किया जाएगा।

## व्हीएफजे में प्रवीण कुमार ने सीजीएम का पदभार संभाला

**जबलपुर।** प्रवीण कुमार को व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर का मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। प्रवीण कुमार व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में संजीव कुमार भोला की जगह लेंगे। प्रवीण कुमार ने शनिवार को ही निर्माणी में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### शहपुरा के जमखार की युवा महिला

# कृषि से दूर हो रहे युवाओं के सामने जैविक खेती कर मिसाल पेश कर रही महिलाएं

हरिभूमि जबलपुर।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद आज का युवा जहाँ बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में चमक-दमक भरी नौकरी पाने बड़े शहरों की ओर भाग रहा है, वहीं जबलपुर जिले के शहपुरा विकासखंड की युवा महिला ने स्नातक और एमबीए करने के बाद कार्पोरेट कल्चर को अपनाने की बजाय गांव से जुड़े रहने को बेहतर समझा और कृषि को अपनाने का निर्णय लिया। शहपुरा विकासखंड के ग्राम जमखार की युवा महिला कृषक बरखा भुर्रक जैविक कृषि को अपनाकर अपने आसपास के गांव के किसानों के लिये भी प्रेरणा का केंद्र बन गई हैं। कुमारी बरखा उच्च शिक्षित हैं। कॉमर्स से स्नातक और एमबीए तथा फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स करने के बाद 32 वर्षीय बरखा कीटनाशक बनाने वाली भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनाइटेड फास्फोरस लिमटेड (यूपीएल ) में जॉब भी किया।



बरखा को पढाई के दौरान खेती-किसानी में भी दिलचस्पी रखती थी और इसे अपनाकर परिवार की मददगार बनना चाहती थी। माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों को इससे कोई एतराज भी नहीं था। करीब पाँच वर्ष पूर्व पिताजी की लंबी अस्वस्थता ने उसे अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि की देखभाल करने का मौका दिया । यूपीएल कम्पनी के उत्पादों की मार्केटिंग का काम देख रहे उसके बड़े भाई का और परिवार के सभी सदस्यों ने उसे इसमें पूरा सहयोग दिया ।

रसायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के इस्तेमाल से कृषि भूमि और मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान से अच्छी तरह वाकिफ बरखा ने खेत के करीब आधे हिस्से में जैविक विधि से खेती करना प्रारम्भ किया। शुरुआत में कुछ कठिनाई आई लेकिन बड़े भाई से निरंतर मिल रही सलाह से उसकी राह आसान होती गई। कृषि विभाग व जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के संपर्क में आने से बरखा का आत्मविश्वास और बढ़ा तथा नई तकनीक के साथ उसने खेती करना प्रारंभ किया।

बरखा के कार्यों को देखते हुए आत्मा परियोजना जबलपुर द्वारा उन्हें उन्नत कृषकपुरस्कार से सम्मानित किया गया।




### शोभायात्रा में 1500 महिलाएं एवं सैकड़ों की संख्या में शामिल होंगे सनातनी

# शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज 27 को करेंगे श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

**जबलपुर।** पाटन बायपास स्थित जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप में होने जा रही प्रभु श्री राम दरबार की भव्य प्राण प्रतिष्ठा जिसका महोत्सव 27 मई से लेकर 31 मई तक आयोजित किया गया है। जनकपुरी परिवार के पंकज पांडे ने बताया कि 24 हजार और मंदिर का निर्माण राजस्थान के वंशी पहाड़पुर के पत्थर से किया गया है, जिसे उत्तर प्रदेश के रायबरेली और प्रतापगढ़ के कारीगरों द्वारा बनाया गया है। मंदिर में शानदार कला का प्रदर्शन किया गया है। मंदिर की दीवारों पर प्रभु श्रीराम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्तियों को बहुत ही खूबसूरती से उकेरा गया है। मंदिर में कुल 19 शिखरों का निर्माण किया गया है, जिसमें 3 विशाल शिखर हैं। जिनकी नक्काशी मन को मोह लेती है। पूरे मंदिर को प्रेम मंदिर की तर्ज पर भव्य लाइट से सजाया गया है जिसकी छटा देखती ही बनती है। गर्भ गृह का निर्माण सफेद मकराना पत्थर से किया गया है एवं प्रभु श्री राम दरबार का निर्माण भी मकराना पत्थर से किया गया है जिसे जयपुर के कारीगरों द्वारा सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 27 मई को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज का आगमन होगा।

इस अवसर पर 27 मई दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा महाराज जी के सानिध्य में निकाली जाएगी। शोभायात्रा प्रीति कुंज (कोरलबुड टाउनशिप) बिनेकी तिराहे से प्रारंभ होकर जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में 1500 महिलाएं एवं सैकड़ों की संख्या में पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सनातनी वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में कई प्रकार की झांकियां सम्मिलित होंगी। 29 मई को सुप्रसिद्ध गायक चरणजीत सिंग सोधी सायं 7 बजे भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। 30 मई को साधु, संतों के सानिध्य में प्रभु श्रीराम दरबार की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

## कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन



**जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्तिथ हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब के पांच दिवसीय उर्स शरीफ के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे आयोजित कुल शरीफ में महफिले सिमा का एहतमाम किया गया। महफिले सिमा की सदारत बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने फरमाई। महफिले समा में दरबारी कव्वालों ने आगाज़ क़ौल से किया, जिसके बाद मशहूर सूफ़ी हज़रत बेदम वारसी द्वारा रचित नात "आई नसीम-ए-कू-ए-मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम" पेश कर समाईन को दाद देने पर मजबूर कर दिया। अंत में, हज़रत अमीर खुसरो के कलाम "आज रंग है ऐ माँ रंग है री, मेरे महबूब के घर रंग है" पढ़ा गया, जिसे सुनकर सूफ़ी हज़रत भाव-विभोर हो गए। महफिलें सिमा के पश्चात बाबर खां बंदानवाजी ने अकीदतमंदों के लिए खास दुआएं कीं और हिंदुस्तान में अमन-शांति और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

## दरगाह में चादर चढ़ाकर उर्स शुरु, 28 तक होंगे कार्यक्रम




**जबलपुर।** कटंगी में 26, 27 और 28 मई को 77वां उर्स अकदस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हजरत जिंदा शाह वली-ए-कामिल रह. अलैह कटंगी के आस्ताना-ए-आलिया पर होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और शानदार कव्वाली प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद राशिद मंसूरी ने उर्स की जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई, सोमवार को बाद नमाज असर शाम 5 बजे रूमी चौक से संदल जुलूस निकाला जाएगा जो बस्ती का गश्त करते हुए आस्ताना-ए-आलिया पहुंचेगा। यहां परम्परानुसार चादर शरीफ व संदल शरीफ पेश होगा, जिसके उपरांत महफिल-ए-मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा। उर्स शरीफ के दूसरे दिन 27 मई, मंगलवार को रात्रि 10 बजे से कव्वाली कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें भारत के जाने-माने कव्वाल हाजी मुकर्रम अली वारसी (भोपाल) अपने कलाम पेश करेंगे। 28 मई, बुधवार को रात्रि 10 बजे से फनकार अनीस रईस साबरी (मुंबई, महाराष्ट्र) अपनी मनमोहक आवाज से समां बांधेंगे।

## जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं व पक्षकारों को पीने के लिए मिलेगा मां नर्मदा का जल

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से आग्रह किया गया था कि जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं, पक्षकारों के लिए शुद्ध नर्मदा जल की व्यवस्था की जाए जिस पर महापौर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए नर्मदा जल की मेन पाइप लाइन से अधिवक्ता भवन तक पानी की लाइन बिछाई गई और ऊपर तक पानी पहुंचने हेतु मोटर एवं पाइप लाइन पानी की टंकी की संपूर्ण व्यवस्था की गई जिसका दिनांक 23/5/25 को महापौर के द्वारा पूजन अर्चन कर लोकार्पण करते हुए मीठे मां नर्मदा जल की सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेंद्र यादव, आदि उपस्थित थे।

# "भूकंप एक प्राकृतिक आपदा" पर हुआ सेमिनार

**जबलपुर।** "हो पक्की बुनियाद इमारत भी हो पक्की, यही तो जवाबदारी है आप हम और सबकी।" ऐसे ही विचार व्यक्त किए मुख्य अतिथि आईजीएस जबलपुर चेप्टर के चेयरमेन इंजी. संजीव वर्मा ने, अवसर था आईजीएस जबलपुर स्टूडेंट चेप्टर द्वारा आयोजित एक सेमिनार का, जिसका विषय था "भूकंप एक प्राकृतिक आपदा" सिविल विभाग तक्षशिला इंजी. कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में इंजी. संजीव वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार भूकंप आने से मजबूत पेड़ अपने स्थान पर बना रहता है, उसी प्रकार यदि अच्छे निर्माण किए जाएं तो भूकंप में यह भी सुरक्षित रह सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रैक्टिसिंग इंजीनियर एसोसियेशन जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. मनीष दुबे ने बताया कि सिविल इंजीनियर्स को भूकंपरोधी मापदंडों का निर्माण में उपयोग करना चाहिए जिससे निर्माण सुरक्षित बनते हैं। सेमिनार का संयोजन विभाग अध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आईके खन्ना, सभी विभागाध्यक्ष, सिविल विभाग के प्राध्यापकगण और लगभग 40 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शरद गुप्ता, रतन खर्द, डॉ. बीके साहू, डॉ. अर्पित शुक्ला का मार्गदर्शन रहा।



## रोहिता वंशकार भाजपा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

**जबलपुर।** सिद्ध बाबा वार्ड वार्ड क्रमांक 48 बल्दी कोरी की दफाई, गणेश चौक निवासी रोहिता वंशकार भारतीय जनता पार्टी की कर्मठ कार्यकर्ता हैं, उनकी लगन मेहनत कार्यशीलता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अध्यक्ष योगेश लोखंडे द्वारा रोहिता वंशकार को कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किया गया है। रोहिता वंशकार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझे यह पद दिया है मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करती हूं, की उन्होंने मुझे इस योग्य समझा, जनता की सेवा लगन से करूंगी एवं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की योजनाओं को महिलाओं के घर-घर तक पहुंचाऊंगी। इस अवसर पर तानिया वंशकार, प्रहलाद वंशकार, मनीष वंशकार, हिमांशु वंशकार, गुड़िया वंशकार, जानी वंशकार आदि लोग मौजूद रहे।



## आत्मा में अनंत शक्ति है, उसे पहचानने की आवश्यकता है : आचार्यश्री

**जबलपुर।** दिव्य धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपनी ओजस्वी देशना में कहा कि आत्मा में अनंत शक्तियाँ निहित हैं, आवश्यकता है केवल उन्हें जागृत करने और सही दिशा में उपयोग करने की। उन्होंने कहा कि सम्यक ज्ञान प्रत्येक प्राणी के भीतर विद्यमान है, लेकिन वह असावधानी के कारण नष्ट हो सकता है। सम्यक दर्शन की स्थिरता के लिए सतत सावधानी आवश्यक है। व्रतों को अंगीकार करने से पूर्व मन, वचन और काया की पवित्रता अनिवार्य है, क्योंकि व्रत खंडित न हों, इसके लिए जागरूक रहना आवश्यक है। आचार्यश्री ने कहा कि ज्ञान के माध्यम से ही वस्तुओं की यथार्थ पहचान होती है। अहंकार और मद के कारण तपस्या की अग्नि मंद पड़ जाती है। उन्होंने गुरुदेव आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि वे कहा करते थे आचार्य श्री के पैरों की पूजा देख आँखें भर आती हैं।ऱ उनकी दृष्टि सदैव अपने से श्रेष्ठ साधकों की ओर रहती थी। धर्मसभा के प्रारंभ में आचार्यश्री के पादप्रक्षालन एवं शास्त्रवंदन का सौभाग्य शिवनगर निवासी श्री आलोक जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संरक्षणी सभा, दिगंबर जैन पंचायत सभा एवं नवयुवक समाज ने आचार्यश्री से जबलपुर में चातुर्मास करने का विनम्र आग्रह किया।

## 46वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न



**जबलपुर।** जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में 46वीं जिला स्तरीय तैराकी, वाटर पोलो प्रतियोगिता 2025 के द्वितीय दिवस समापन समारोह की मुख्य अतिथि लवलीन आनंद पार्षद का स्वागत जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, जयंत गुप्ता, उमेश पटेल, भगवान सिंह, नीतेश कछवाहा, विशाल सिंह ने किया एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिभा भावकर पार्षद, रंजीत सिंह ठाकुर, अमर पटेल, राघवेन्द्र यादव, प्रवीण श्रीवास्तव का स्वागत सुनील कुमार पटेल, नवराज सिंह, शिवम पटेल, अमन लोधी ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता के विजेता तैराकों को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जमना प्रसाद पटेल, पं. रामदत्त शुक्ला, संजय सिंह, विनोद पोद्दार, प्रवीण गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

# जिला समिति ने पूछा कि नेताओं के चुनावी वायदे क्या सिहोरा सीट जीतने का हथकंडा था

### नगर मंडल अध्यक्ष पटेल के निवास पर प्रदर्शन



**सिहोरा।** विधायक के बाद शंख,घंटा और थाली बजाते हुए सिहोरा वासी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल के घर पहुंचे।यहां प्रदर्शन कारियों ने विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा द्वारा सिहोरा जिला के वादे को याद दिलाने वाले नारे लगाए।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि अब 26 मई को भाजपा जिला महामंत्री के घर प्रदर्शन किया जाएगा।

### नारे लगा पूंछे सवाल

जिला बोलकर वोट ले लिया,स्मृति ईरानी कौन है, प्रह्लाद पटेल कौन हैं, शिवराज सिंह कौन है,संतोष बरकड़े कौन है जैसे नारे लगाकर नगर मंडल अध्यक्ष को आड़े हाथों लिया।समिति ने कहा कि बड़े नेताओं के चुनावी वादे क्या केवल सिहोरा सीट जीतने का हथकंडा था।यदि नही तो घोषणा के गवाह सारे जनप्रतिनिधियों को सरकार के समक्ष जिला का दावा पेश करना चाहिए।

### जल्द करेंगे जिला का दावा

नगर मंडल अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारियों को वचन दिया कि विधायक संतोष बरकड़े सहित पूरी भाजपा ने सिहोरा जिला के लिए आगे निर्णायक कदम उठाने का निर्णय ले लिया है अगले तीन चार दिनों में विधायक की अगुवाई में पहल की जावेगी।

### दूसरे चरण में जिला एवं प्रांत में प्रदर्शन

समिति ने घोषणा की कि स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण में भाजपा संभागीय कार्यालय जबलपुर एवं प्रांतीय कार्यालय भोपाल के समक्ष शंख,घंटा और थाली बजा सिहोरा जिला के अधिकार की मांग की जावेगी। शनिवार को हुए प्रदर्शन में समिति के विकास दुबे, अनिल जैन, मोहन सोंधिया, अनिल खंपरिया, कृष्णकुमार कुररिया, आशीष भार्गव, प्रदीप दुबे, संजय पाठक, संतोष वर्मा, संतोष पांडे, रामजी शुक्ला, कंचन सेठ,रवि दुबे, चेतराम विश्वकर्मा, सानू गौतम, श्रेयांश जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।




**श्री भोलेराम गौर-** शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री भोलेराम गौर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. केपीआर रेड्डी-** अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक के पास निवासी डॉ. केपीआर रेड्डी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गिरजा बाई यादव-** रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री रामदास यादव की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा बाई यादव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुन्दी बाई चौधरी-** सरकारी कुआं चौधरी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री जीत लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुन्दी बाई चौधरी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संतो बाई-** ललपुर शिवराज नगर निवासी श्री मुन्ना लाल की धर्मपत्नी श्रीमती संतो बाई (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पिंकी सोनकर-** बड़ी ओमती निवासी श्री राम बाबू सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री अशोक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई गोतेल-** प्रेमसागर नगर निगम क्वाटर्स निवासी श्री बाबू लाल गोतेल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई गोतेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुंदर बाई-** हैलटगंज सदर निवासी श्री भागीरथ की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदू सेन-** भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री मुकेश सेन की धर्मपत्नी श्रीमती इंदू सेन (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## गणवेश सिलाई से महिलाओं में दिखा आर्थिक सशक्तिकरण

**जबलपुर।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये राज्य शासन द्वारा कई पहल की जा रहीं हैं। इसी तारतम्य में आजीविका स्व-सहायता समूह का गठन कर उनके आजीविका को सशक्त की जा रही है। कुंडम विकासखंड के ग्राम पड़रिया में ग्राम संगठन को आजीविका गतिविधियों के लिए सामुदायिक निवेश निधि से राशि दी गई थी। जिसमें महिलाओं द्वारा सिलाई सेंटर खोला जहां 15 से 20 महिलायें प्रतिदिन सिलाई का काम करती हैं।

# मप्र सराफा एसोसिएशन के पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने राजा सराफ

**जबलपुर।** जबलपुर के सराफा व्यापारी राजा शेखर ज्वेलर्स के संचालक राजा सराफ एक बार पुनः मप्र सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए। गत दिवस राजधानी भोपाल के होटल 'द विंसेंट इन' में कोर कमेटी की बैठक में उन्हें सर्वसम्मिति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रदेश संरक्षक पद पर झमक भरगट रतलाम, प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, जबलपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल वर्मा घुंघरू, इंदौर, प्रदेश महासचिवदेवीलाल सोनी, आगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी), भोपाल को चुना गया। इस अवसर पर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के तमाम वरिष्ठजन मौजूद रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/19-20/ दिनांक 24-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पूजा वर्मा पति श्री अनिकेत कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक P No. -172 SRS लैन्डमार्क सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004561584 पर दर्ज भूमि का भूतल 1000 वर्गफुट, प्रथम तल 1000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रदीप मेंहरचंदानी पिता श्री हीरालाल मेंहरचंदानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# तहसीलदार ने भिंड जिले का मृत्यु प्रमाणपत्र किया जारी, किए गए अटैच, ऑपरेटर की सेवा समाप्त


## भिंड तहसीलदार के अजीबोगरीब आदेश से महकमे की हुई फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भिंड जिले के तहसीलदार मोहन लाल शर्मा ने एक अजीबोगरीब आदेश जारी कर पूरे महकमे को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने माता, पिता, जिला, गांव सभी के नाम भिंड बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया।

इस आदेश में तहसीदार ने कहा कि नाम भिंड, पिता का नाम भिंड, घर का पता भिंड की मृत्यु 8 नवंबर 2018 को हो गई, इसलिए इसे मृत्यु रजिस्टर में दर्ज किया जाए। हालांकि कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने इसे गंभीरता से लेते तहसीलदार को लैंड रिकार्ड में अटैच कर दिया, जबकि संबंधित ऑपरेटर को सेवा के अलग करने का निर्देश दिया है।

कलेक्टर ने लिया एक्शन, नोटिस भी जारी




### भिंड के रहने वाले आवेदक ने रजिस्ट्रार को दिया था आवेदन

*दरअसल, भिंड के रहने वाले आवेदक गोविंद पुत्र रामहेत निवासी चतुर्वेदी नगर वार्ड 22 ने रजिस्ट्रार को आवेदन दिया था। इस आधार पर तहसीलदार/रजिस्ट्रार ने 5 मई को आदेश जारी किया कि मप्र जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 1999 की कंडिका 9-3 के तहत निर्देश देने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र अन्य दस्तावेज एवं नगर निगम का अनापति पत्र पर आधारित है। इससे संतुष्ट हूं कि श्री भिंड, पिता का नाम भिंड, माता का नाम भिंड, मृत्यु स्थान भिंड, घर भिंड पर दिनांक 18 नवंबर 2018 को हुआ है। अतः आदेश द्वारा निर्देशित करता हूं कि भिंड पुत्र भिंड के मृत्यु को मृत्यु रजिस्टर में दर्ज किया जाए। बताते हैं कि आदेश जारी होने के बाद यह पत्र वायरल हो गया। इसकी जानकारी जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों को हुई, इसके बाद इस पर तत्काल कार्रवाई की गई।*

### यह होना चाहिए था, यह हो गया

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह का गैर जिम्मेदाराना आदेश जारी करने पर तहसीलदार को लैंड रिकॉर्ड में अटैच किया गया है। जबकि गलत नाम भरने वाले ऑपरेटर को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं है, बल्कि मृत्यु पंजीयन में विलम्ब माफ करने के लिए पंजीयक को लिखा गया पत्र है। यह वस्तुतः अस्पताल को लिखा गया था, जो गलत होने पर पंजीयक को गलती इंगित कर लौटाना चाहिए था। किंतु ऐसा नहीं किया गया। इस मामले में प्रथम दृष्टया तहसीलदार की गलती मानी गई है। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

---

### प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी भूमिका तय कर क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर काम करें: शर्मा

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में 2 हजार बहनें संभालेंगीं सुरक्षा से लेकर प्रचार तक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर जम्बूरी मैदान में होने वाले महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की बैठक की। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी रचनात्मकता के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि देवी अहिल्याबाई ने 300 साल पहले जिस तरह महिला सशक्तीकरण की अलख जगाई थी, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी महिला सशक्तीकरण का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई की जयंती का कार्यक्रम बहनों का कार्यक्रम है और हमें इस कार्यक्रम की तैयारियों में पूरे उत्साह के साथ जुटना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ पर बहनों की भागीदारी हो, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी भूमिका तय करें और क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर काम करे। हमें कार्यक्रम में आने वाली मेहमान बहनों तथा अतिथियों के स्वागत की तैयारी पूरे उत्साह के साथ करना है। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति मौजूद रहे।

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र एवं संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की*

**खास बातें**

- प्रदेश नेतृत्व ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की बैठक को किया संबोधित
- 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर जम्बूरी मैदान में होगा ऐतिहासिक आयोजन




#### कार्यक्रम की हर व्यवस्था संभालें महिला कार्यकर्ताः डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने 300 साल पहले जिन मुश्किलों के बीच शासन व्यवस्था संभाला और अपनी सक्षमता साबित की। 21 वीं सदी की हमारी बहनें भी उतनी ही सक्षम हैं, यह संदेश हमें इस कार्यक्रम के माध्यम से देना है। महासम्मेलन महिलाओं का है, इसलिए हमें आयोजन की जिम्मेदारी भी बहनों के हाथों में सौंपना है। इसके लिए 2000 बहनों का चयन करें और उनकी एक बैठक आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित करें। हमारा प्रयास हो कि कार्यक्रम में सुरक्षा से लेकर इसके प्रचार तक की व्यवस्थाएं महिलाएं संभालें और उनकी पोशाक भी एक जैसी हो। डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल आ रहे हैं, इसलिए हमें उनके स्वागत की भी उत्साहपूर्वक तैयारियां करना है।

#### देवी अहिल्याबाई ने किया हर वर्ग का उत्थान : हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने इंदौर-महेश्वर से 300 साल पूर्व हर समाज के उत्थान के साथ-साथ स्वावलंबन, सुशासन और महिला सशक्तिकरण को लेकर मिसाल पेश की थी। हमें गर्व है कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की कर्मभूमि मध्यप्रदेश रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात कार्यक्रम' में भोपाल जिला भी प्रदेश के टॉप छह जिलों में शामिल है। इस बात की प्रसन्नता है कि 'मन की बात कार्यक्रम' में सहभागिता करीब सौ प्रतिशत के आस-पास रह रही है। सभी इसके लिए बधाई के पात्र हैं, लेकिन लोगों से हमेशा जुड़ाव रहे, इसके लिए हमें हमेशा निरंतर प्रयास कर नवचारों को अपनाते रहना होगा।

---

### टैक्स लॉ बार एसो. की सदस्यों के लिए आयोजित हुई परिचर्चा

# जीएसटी ट्रिब्यूनल की राजधानी में स्थापना से मिलेंगे शहर के कर सलाहकारों को विशेष अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जीएसटी ट्रिब्यूनल की स्थापना केवल भोपाल में हो रही है, इसमें करदाताओं की ओर से उपस्थित होने वाले भोपाल के कर सलाहकारों के लिए एक विशेष अवसर रहेगा। ट्रिब्यूनल में द्वितीय अपील कैसे फाइल करना है उसके लिए क्या प्रक्रिया रहेगी, इस बारे में युवा कर सलाहकार पलाश खुरपिया ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के लिए आयोजित परिचर्चा में जानकारी दी।

पलाश ने बताया कि जीएसटी कानून में जीएसटी ट्रिब्यूनल को अपील प्रस्तुत करने में हुई देरी को क्षमा करने की शक्ति नहीं दी गई है, जबकि आयकर विधान में ट्रिब्यूनल को देरी को क्षमा करने की शक्तियां है। उन्होंने कहा कि यहां अपील प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम शुल्क 5000 रुपए है एवं अधिकतम शुल्क 20000 रुपए है, जो अधिक है इसे कम किया जाना चाहिए।




#### रजिस्ट्रार मुख्य धुरी के रूप में काम करेगा

पलाश ने बताया कि जीएसटी ट्रिब्यूनल की मुख्य बैंच दिल्ली में है एवं अन्य राज्यों में केंद्र सरकार द्वारा जरूरत के हिसाब से बैंचों की संख्या नोटिफाई की जा चुकी है, प्रत्येक बेंच में दो जुडिशियल एवं एक-एक टेक्निकल सदस्य राज्य जीएसटी एवं केंद्रीय जीएसटी से सदस्य होंगे। इसमें रजिस्ट्रार एक मुख्य धुरी के रूप में कार्य करेगा, क्योंकि ट्रिब्यूनल के संचालन में उन्हें बहुत अधिक जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसी पारित आदेश में एक से अधिक वर्षों के प्रकरण हैं तो प्रत्येक के लिए अलग-अलग अपील प्रस्तुत करनी होगी एवं सबके लिए अलग-अलग फीस जमा करनी होगी, जिस कारण करदाताओं पर अनावश्यक भार आएगा, इसके लिए सरकार को कुछ रास्ता निकालना चाहिए।

---

### शादी समारोह से ठीक पहले उठाया कदम पुलिस कर रही जांच

# संदिग्ध परिस्थिति में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस के आधुनिक लॉज के एक कमरे में युवती ने आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान पूजा साहनी निवासी बलिया के रूप में हुई है।

पूजा की शादी भिलाई में होने वाली थी इसके लिए वह दो दिन पहले ही अपने परिवार के साथ भिलाई आई थी। जानकारी के मुताबिक, पूजा और उसका पूरा परिवार पावर हाउस के आधुनिक लॉज में रुका हुआ था। इसी बीच अचानक डोली उठने के पहले ही पूजा साहनी की अर्थी उठ गई। बताया जा रहा है कि पूजा साहनी ने लॉज के एक रूम में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली तो वही मृतका पूजा साहनी ने किसी भी प्रकार का कोई सुसाइडल नोट भी नहीं छोड़ा है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतका के मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। पूजा साहनी ने शादी से ठीक पहले आत्महत्या क्यों की, इसका जवाब अभी तक नहीं मिला है। पुलिस मामले में परिजनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

**भिलाई में होने वाली थी शादी, दो दिन पहले आई थी परिवार के साथ**

---

### कोरोना प्रोटोकॉल के तहत हो रहा उपचार

# *रायपुर में मिला कोविड-19 का पहला मरीज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोविड-19 का पहला मामला सामने आया है। रायपुर में कोरोना संक्रमित मरीज मिला है, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। जहां उसका



इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है। मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। जानकारी के सानूर, रायपुर के पचपेड़ी नाका, लक्ष्मीनगर निवासी है।

बीते दिनों वह सर्दी-खांसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गया था। डॉक्टर्स ने मरीज के लक्षणों के आधार पर कोरोना की आशंका जताई। इस दौरान उस व्यक्ति का सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉज़िटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू किया गया। देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। केरल से लेकर मुंबई और दिल्ली तक बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित मिले चुके हैं। इसे लेकर सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों को कहा गया है कि वे बेड और ऑक्सीजन का पर्याप्त इंतजाम कर लें। दिल्ली में अब तक 23 केस मिल चुके हैं।

---

### नाखून गायब, प्राइवेट पार्ट सहित गले व अन्य हिस्सों में गंभीर चोट

# जंगल के बीच चट्टानों में मिली घायल युवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार शाम के समय बंदौरा के जंगल में चट्टानों के बीच एक लड़की बेहोशी की हालत में पड़ी मिली है। उसी स्थान पर पिकनिक मनाने गए पहुंचे कुछ लोगों ने लड़की को देखा।

देर शाम तक कवर्धा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में लड़की की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस को लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का शक है। लड़की के प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान हैं। लड़की कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक की निवासी है। लड़की की गंभीर स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को रायपुर रेफर किए जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि युवती के साथ बर्बरता की सारी सीमाएं लांघी गई हैं। युवती के पैर का नाखून गायब है। गले व शरीर के दूसरे हिस्सों में भी गंभीर चोट हैं।




#### पीड़िता का प्रेमी हिरासत में

*इस संबंध में कुकदूर थाना प्रभारी टीआई जेएल शांडिल्य ने बताया कि मामले में कुछ संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहीं है। वर्तमान में लड़की कवर्धा के जिला अस्पताल में भर्ती है। लड़की की स्थिति ठीक नहीं है। वह बोलने की स्थिति में नहीं है। ठीक होने के बाद उसका बयान लिया जाएगा। प्रारंभिक पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह अपने प्रेमी के साथ जंगल घूमने गई थी। इसी दौरान उनकी आपस में लड़ाई व हाथापाई हुई। प्रेमी युवक ने लड़की को जंगल में छोड़कर चला गया। लड़की के गले व शरीर के अन्य भाग में संघर्ष, चोट के निशान है। लड़की को मेकाहारा रायपुर रेफर कर दिया गया है। युवती की स्थिति सामान्य होने पर संपूर्ण बयान दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा लड़की के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।*

---

### गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान की संभावना

# 20 जिलों में मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी रायपुर में सुबह से बारिश हो रही है। रात में मौसम में बदलाव हुआ, जिसके बाद सुबह के समय बादल छाए रहे। आठ बजे से झमाझम हो रही है। प्रदेश के 20 जिलों में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ बारिश और आंधी-तूफान चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद और दुर्ग में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और हवा 40-50 किमी की रफ्तार से चलने की संभावना है। साथ ही महासमुंद, रायपुर, जांजगीर- चांपा, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवा चलने की संभावना है। इस दौरान कई जगहों पर तेज बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक अनेक जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। इस दौरान अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। दूसरी ओर केरल में अगले दो दिनों में मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियों अनुकूल होने की संभावना है।

---

### एमसीयू में एडवर्टर 360 की अभिनव प्रदर्शनी

# विज्ञापन, समाज से संवाद का प्रभावी माध्यमः वायंगणकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एडवर्टर 360 नामक एक अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए देश के चुनिंदा ब्रांड्स 360 डिग्री विज्ञापन अभियानों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र माध्यम में महाप्रबंधक एवं प्रभारी प्रशासन रहे हेमंत वायंगणकर को विभागाध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने स्मृति चिह्न भेंट कर किया। कार्यक्रम में वायंगणकर ने कहा कि 'विज्ञापन अब केवल उत्पाद बेचने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज से संवाद का एक प्रभावी जरिया बन गया है। यहां छात्रों ने न केवल कल्पना की उड़ान भरी है, बल्कि ब्रांड को एक नई दृष्टि से परिभाषित किया है।' उन्होंने कहा कि वे इसी जोश और उत्साह के साथ रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को मिलाकर अपने भविष्य को संवारें। एडवर्टर 360 प्रदर्शनी में हर छात्र समूह ने एक ब्रांड चुना और उसके लिए विज्ञापन की पूरी श्रृंखला तैयार की। जिसमें- प्रिंट विज्ञापन, टीवीसी (टेलीविज़न कमर्शियल्स), रेडियो जिंगल, सोशल मीडिया पोस्ट्स, पैकेजिंग डिजाइन, आउटडोर प्रचार माध्यम, ब्रोशर एवं पोस्टर डिजाइन शामिल थे। इन सभी माध्यमों के ज़रिए छात्रों ने दिखाया कि कैसे एक ब्रांड को हर मंच पर एक मजबूत और सुसंगत छवि के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

---

### हसदेव नदी पर बने बैराज के पास का मामला

# पानी में डूबने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के ग्राम कुदरी से होकर गुजरी हसदेव नदी पर बने बैराज के पास नहाने के लिए पानी में उतरा 12 साल के बच्चे की पानी में डूबने से मौत हुई है। मृतक बच्चे की पहचान चिराग साहू निवासी कोटा जिला बिलासपुर के रूप में की गई है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार मृतक चिराग साहू अपने परिवार के साथ ग्राम महुदा रिश्तेदार दीदी -जीजा के घर घूमने आए था ।

आज शनिवार की सुबह 7 बजे सभी नहाने के लिए कुदरी बैराज के पास पहुंचे और नहाना रहे थे। इस दौरान परिवार के सभी लोग नहाना कर बाहर निकल कर बैठे थे। तभी चिराग साहू फिर से नहाने के लिए पेंट और टी शर्ट को पहनकर पानी में कूद गया जिससे वह गहरे पानी में चला गया।



परिजनों और आस पास के लोगो ने डूबता देख बचने की कोशिश की मगर कुछ नहीं पता चल पाया। घटना की जानकारी चांपा पुलिस को दी वही राहत दल रेस्क्यू चालू कर कुछ देर बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला गया। तब तक देर हो चुकी थी, पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

---

### मंत्री सारंग की मदद से लिवर की बीमारी से ग्रसित मासूम को मिलेगा इलाज

# सात साल की बच्ची को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव के अस्पताल में किया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग की मदद से लिवर की गम्भीर बीमारी से ग्रसित भोपाल के नरेला विधानसभा वार्ड क्रमांक 40 निवासी 7 वर्षीय बच्ची को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पीडियाट्रिक लिवर यूनिट में शिफ्ट किया गया।



दरअसल बच्ची का परिवार अपनी समस्या के लेकर मंत्री सारंग के निवास पर 'जनदर्शन' में गया था। जहां सारंग ने तत्काल बच्ची को स्थिति को देखकर भोपाल एम्स में इलाज प्रारंभ करवाया था। जहां जांच के दौरान पता चला कि बच्ची को 'एक्यूट हेपेटाइटिस विथ इंपैंडिंग लिवर फैलियर' है। बच्ची को शुक्रवार को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव भेजा गया है। बच्ची के इलाज के लिए परिवार ने मंत्री सारंग का आभार व्यक्त किया है।

**परिवार ने मंत्री सारंग से लगाई थी गुहार**



#### *अपने निवास पर 'जनदर्शन' में मंत्री सारंग करते हैं लोगों की सहायता*

*उल्लेखनीय है कि मंत्री सारंग हर दिन अपने निवास पर जनदर्शन करते हैं। यहां भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचते हैं। जिनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाता है।*

# मुकुल देव दुनिया से अलविदा, पायलट का सपना छोड़कर फिल्मों में की थी एंट्री...

*बॉलीवुड से एक दिलदुखाने वाली खबर सामने आई है। अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले एक्टर मुकुल देव ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। एक्टर मुकुल देव ने 54 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली है। मुकुल देव कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुकुल का जन्म 17 सितंबर 1970 को दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। आइए जानते हैं एक्टर के फिल्मी करियर के बारे में कैसे वो अपनी नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे। भले अपनी पहली फिल्म से फैंस के बीच मुकुल छाए हों लेकिन इसके बाद बॉलीवुड में टिकना उनके लिए काफी मुश्किल रहा था।*

## फिल्म इंडस्ट्री में पसरा मातम, संजय और शाहिद के रहे जोड़ीदार

**मुंबई।** पहली फिल्म के बाद उनकी फिल्में जैसे किला, वजूद, और मुझे मेरी बीवी से बचाओ बॉक्स ऑफिस पर नजर आईं लेकिन ये फिल्में ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थीं पर उसके बाद उन्होंने जो कमबैक किया तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुकुल ने पायलट की अच्छी नौकरी छोड़कर फिल्मों में एंट्री की थी। जी हां फैंस को शायद ये ना ही पता हो कि मुकुल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से पायलट की ट्रेनिंग ली थी। असल में जिन्होंने पायलट बनने का सपना छोड़कर बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई थी। फिल्मों में एंट्री करते ही वो रातोंरात स्टार बन गए थे।



### ऐसे हुई फिल्म व टीवी कॅरियर की शुरुआत

दिल्ली में जन्मे मुकुल ने 1996 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। मुकुल ने 1996 में आई फिल्म दस्तक से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सुष्मिता सेन के साथ थी। वैसे फैंस को शायद ये ना पता हो कि दस्तक फिल्म से पहले वह टीवी शो मुमकिन में नजर आए थे। जी हां मुकुल टीवी के फेमस शो कहानी घर घर की में दिखाई दिए थे। इसके अलावा उन्होंने फियर फैक्टर के पहले सीजन के होस्ट करके हर किसी का दिल जीत लिया था।

### मुकुल का कमबैक रहा बड़ा जोरदार

वैसे अगर कहें कि मुकुल का कमबैक यमला पगला दीवाना फिल्म से हुआ तो शायद गलत नहीं होगा। जी हां यमला पगला दीवाना, सन ऑफ सरदार, और जय हो जैसी फिल्मों में सहायक किरदारों से नजर आ कर फैंस का दिल मुकुल ने फिर से जीत लिया था। मुकुल देव ने हिंदी के अलावा पंजाबी, बंगाली, और तेलुगु फिल्मों में भी एक्टिंग पेश की थी।

### बड़े सितारों के साथ किया काम

मुकुल देव ने अपने फिल्मी सफर में मुकुल देव ने कई बड़े स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उन्होंने संजय दत्त के साथ 'सन ऑफ सरदार' और शाहिद कपूर के साथ 'आरराजकुमार' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वे धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल के साथ कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी नजर आए। हिंदी के अन्य भाषाओं की भी 50 से ज्यादा फिल्मों और कई टीवी सीरियल्स में नजर आ चुके हैं।

### थे एक बहुमुखी कलाकार

मुकुल देव का करियर भले ही लीड हीरो के तौर पर ज्यादा न रहा हो, लेकिन उन्होंने खुद को एक बहुभाषी और वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर साबित किया है। वे हर तरह के किरदार में ढल जाते थे फिर चाहे पुलिस अफसर हो, खलनायक या फिर कॉमेडी रोल। अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में खास जगह बनाई। हालांकि, उनका यूं अचानक से चले जाना उनके फैंस और इंडस्ट्री के लोगों के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं है. भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

### टीवी में किया था कमाल

भले आज मुकुल इस दुनिया को अलविदा कह चुके हों लेकिन फैंस उनकी एक्टिंग के हमेशा दीवाने रहेंगे।

**मुकुल की कुछ हिट फिल्में**

मुकुल देव की कुछ यादगार फिल्मों में 'दस्तक' (1996), 'वजूद' (1998), 'सन ऑफ सरदार' (2012), 'यमला पगला दीवाना' (2011) और 'आर...राजकुमार' (2013) शामिल हैं। इन सभी फिल्मों में उन्होंने भले ही को-एक्टर के तौर पर काम किया, लेकिन उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचने में कोई कमी नहीं छोड़ी. खासकर 'यमला पगला दीवाना' में उनका मजाकिया अंदाज और डायलॉग्स बोलने का तरीका बहुत पॉपुलर हुआ था।

**हॉलीवुड मसाला**




## 'स्क्विड गेम-3' का आया नया पोस्टर

**लॉस एंजिलस।** कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज स्क्विड गेम' के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने 'सक्विड गेम 3' का टीजर जारी किया था, वहीं अब इस सीरीज का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें ली जुंग जे और पार्क सुंग हून समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह वेब सीरीज कब और कहां देख पाएंगे। 'स्क्विड गेम 3' का प्रीमियर 27 जून, से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।




## किम ने 6 साल बाद पूरी की कानून की पढ़ाई...

**लॉस एंजिलस।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार और व्यवसायी किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। बता दें कि साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया, जिसमें उनके बच्चों ने अभिनेत्री के पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष पोशाक पहनी थी। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की हैं।



## 'मेट्रो... इन दिनों' का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' की काफी समय से चर्चा हो रही है। इसमें पहली बार आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान की जोड़ी नजर आएगी, वहीं अनुपम खेर, नीना गुप्ता और पंकज त्रिपाठी भी फिल्म का हिस्सा हैं। अब 'मेट्रो... इन दिनों' का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने बताया कि फिल्म के पहले गाने का टीजर 24 मई को सामने आ गया। टी-सीरीज ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'हर सिग्नल एक कहानी बयां करता है। यह एक गाने से शुरू होता है। 'मेट्रो... इन दिनों' को 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, शाश्वत चटर्जी, केके मेनन, शालीन भनोट और राहुल बोस जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



## 'धुरंधर' से लीक हुआ रणवीर का लुक

**मुंबई।** अभिनेता रणवीर सिंह को पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म नहीं चली। अब रणवीर जल्द ही फिल्म 'धुरंधर' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाली है। रणवीर इन दिनों मुंबई में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब 'धुरंधर' से रणवीर का लुक लीक हो गया है। 'धुरंधर' से सेट से रणवीर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह काले रंग का कुर्ता पायजामा पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके लंबे बाल और दाढ़ी-मूंछ ने प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। 'धुरंधर' में रणवीर बेहद अलग अवतार में नजर आएंगे।

**टीवी मसाला**



## अब तक किन सितारों ने संभाली है 'कौन बनेगा करोड़पति' की मेजबानी?

**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने जाने कितनों की किस्मत बदली है। इस शो ने कई लोगों को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। 'कौन बनेगा करोड़पति' के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब प्रशंसक इस क्विज शो के नए सीजन का इंतजार रहे हैं। खबर है कि 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की मेजबानी सलमान खान करेंगे। आइए जानें 'कौन बनेगा करोड़पति' को आज तक किस-किस ने होस्ट किया है।

***अमिताभ बच्चन हैं इस शो की जान :*** 'कौन बनेगा करोड़पति' का जिक्र हो और अभिनेता अमिताभ बच्चन का नाम ना आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। उन्होंने साल 2000 में शुरू हुए पहले सीजन से लेकर अब तक इस शो के केवल एक सीजन को छोड़कर सभी सीजन होस्ट किए हैं। अमिताभ की गंभीर आवाज, तजुर्बा और शालीनता ने इस शो को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचाया है। साल 2007 में '**KBC**' के तीसरे सीजन को अमिताभ की बजाय शाहरुख खान ने होस्ट किया था।

***अमिताभ ने तीसरा सीजन क्यों नहीं किया होस्ट?:*** साल 2007 में 'कौन बनेगा करोड़पति' के तीसरे सीजन के दौरान अमिताभ की तबीयत थोड़ी खराब थी, जिसके चलते इस सीजन की मेजबानी किंग खान ने की। बिग बी के ना होने की वजह से उस वक्त शो की टीआरपी थोड़ी प्रभावित हुई, जिसके बाद चौथे सीजन में अमिताभ की वापसी हुई। अब खबर है कि 'कौन बनेगा करोड़पति 17' को सलमान होस्ट कर सकते हैं। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### करण ने किया रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' का ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने अपने नए रियलिटी शो का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'द ट्रेटर्स' है। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। 'द ट्रेटर्स' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। इस शो को आप 12 जून से अमेजन प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे। इसके साथ 'द ट्रेटर्स' का टीजर भी सामने आ गया है, जिसमें करण का एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। 'द ट्रेटर्स' की मेजबानी करण करने वाले हैं। अमेजन प्राइम वीडियो ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'दोस्ती के लिए आएं। धोखेबाजी के लिए रुकें।' करण की आगामी फिल्मों की बात करें वह जल्द ही फिल्म 'धड़क 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म साल 2018 में आई 'धड़क' का सीक्वल है। इसके अलावा करण के पास फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' भी है।



## 'लुका छुपी 2' में वरुण धवन संग लड़ाएंगी इश्क, करेंगी रोमांस

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और कृति सैनन की फिल्म 'लुका छुपी' दर्शकों को बेहद पसंद आई थी, वहीं दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब हॉरर यूनिवर्स वाले दिनेश विजान अपनी फिल्म 'लुका छुपी' का सीक्वल बनाने वाले हैं, लेकिन नई फिल्म में न तो कार्तिक होंगे और न ही कृति। कार्तिक की जगह इसमें वरुण धवन ने ले ली है। वरुण के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ को सीक्वल में लिया गया है। मतलब यह कि कृति की जगह फिल्म में शरवरी ने ली है। वरुण और शरवरी दोनों ही मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स में शामिल रहे हैं। वरुण ने जहां इस यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया' में काम किया था, वहीं शरवरी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' में नजर आई थीं। खास बात यह है कि उनकी इस फिल्म वरुण का कैमियो भी था। अब यह पहला मौका होगा, जब वरुण और शरवरी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। निर्माताओं को उम्मीद है कि कार्तिक-कृति की तरह वरुण-शरवरी की जोड़ी भी पर्दे पर



धमाल मचाएगी। लक्ष्मण के निर्देशन में बनी पहली हिंदी फिल्म 'लुका छुपी' ही थी, जो साल 2019 में आई थी। लिव इन रिलेशनशिप पर बनी फिल्म 'लुका छुपी' में कॉमेडी का भरपूर डोज मिला था। ये फिल्म मनोरंजन करने के साथ-साथ कई मुद्दों पर हंसी मजाक में ही गंभीर चोट कर गई थी। फिल्म में अपारशक्ति खुराना के अभिनय को भी काफी सराहा गया था। 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था।


### दोनों ही कलाकार दे चुके हैं रजामंदी

दोनों ही कलाकार फिल्म का हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी दे चुके हैं। स्क्रिप्ट पर काम जारी है। पीपिंगमून के मुताबिक, निर्माता ने अपनी इस कॉमेडी फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है और वह इसे फ्रैंचाइजी की शक्ल देने के लिए तैयार हैं। फिल्म में इस बार नए चेहरे देखने को मिलेंगे।

## कान्स 2025: रेड कार्पेट पर लाखों का बैग लिए दिखीं उर्वशी रौतेला

**मुंबई।** 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर भारतीय अभिनेत्री उर्वशी रौतेला लगातार अपना जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। अब उनका नया लुक सामने आ गया है, जिसकी इस वक्त हर ओर चर्चा हो रही है। इस बार रेड कार्पेट पर उर्वशी गोल्डन रंग का गाउन पहन पहुंचीं। इसके साथ वह हीरे का एक बिकनी के आकार का बैग लिए दिखीं, जिसने सबका ध्यान खींच लिया। अभिनेत्री के इस बैग की कीमत 5.31 लाख रुपये बताई जा रही है।

***लाखों का बैग रखतीं हैं उर्वशी :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी का यह बैग लग्जरी ब्रांड जूडिथ लीबर का है और इसमें एक सोने की बिकनी टॉप वाला डिजाइन है। लगभग 5.31 लाख रुपये की कीमत वाले इस बैग में हीरे का काम किया हुआ है, जो इसे और आकर्षित बनाता है। इससे पहले उर्वशी एक क्रिस्टल तोता क्लच लिए भी रेड कार्पेट पर पहुंची थीं, जिसकी कीमत 4.60 लाख रुपये बताई गई। बता दें उर्वशी इससे पहले भी कान्स का हिस्सा बन चुकी हैं।



**रजनीकांत की 'कुली' 2025 की सबसे बड़ी तमिल फिल्मों में से एक माना जा रहा है**

## इस साल आ रहीं वार-2, ठग लाइफ और कुली जैसी जबरदस्त फिल्में

*मुंबई। साल 2025 एक्शन फिल्मों के शौकीन ने के लिए खास होने वाला है, क्योंकि जल्द ही कई ऐसी फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली है, जिनमें सितारे ताबड़तोड़ एक्शन करते दिखेंगे। ऋतिक रोशन से लेकर विजय देवरकोंडा तक की फिल्म इस फेहरिस्त में शामिल है। ये वो पैन इंडिया फिल्में हैं, जिन्हें बड़े स्तर पर बनाया गया है और जिनका इंतजार सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं।*

**'वॉर 2':** 'वॉर 2' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर लीड रोल में हैं। दोनों ही फिल्म में एक्शन का जबरदस्त तड़का लगाने वाले हैं, जिसकी बानगी फिल्म के टीजर में दिख चुकी है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक्शन की भरमार होगी।कियारा आडवाणी फिल्म में ऋतिक के साथ इश्क फरमाती नजर आएंगी। 'वॉर 2' 2019 की ब्लॉकबस्टर 'वॉर' का सीक्वल है, जो 14 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी।




**'कुली' :** रजनीकांत फिल्म 'कुली' ला रहे हैं, जिसे 2025 की सबसे बड़ी तमिल फिल्मों में से एक माना जा रहा है। यह कई भाषाओं में रिलीज होगी और रजनीकांत फिल्म में हैरतअंगेज एक्शन करते दिखेंगे। 'कुली' का बजट 400 करोड़ रुपये है। इसमें आमिर खान का कैमियो है।



अक्किनेनी नागार्जुन जैसे सुपरस्टार भी हैं। रजनीकांत को 'कुली' के लिए 260-280 करोड़ रुपये फीस मिली है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी ये पैन इंडिया फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी।

**'ठग लाइफ' :** 'ठग लाइफ' एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है और जॉनर के हिसाब से कमल हासन इसमें एक्शन करते नजर आएंगे। उनकी उम्र 70 साल है और वह इसमें अपने एक्शन भरे अंदाज से अपनी उम्र को भी मात देते दिखाई देंगे, जो इसके ट्रेलर में भी दिख चुका है। मणिरत्नम इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं। अली फजल, तृषा कृष्णन समेत कई बड़े चेहरे इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'ठग लाइफ' आगामी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





**'किंगडम' और 'अल्फा':** सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की पैन इंडिया एक्शन फिल्म 'किंगडम' के टीजर तक को 24 घंटे में करोड़ों व्यूज मिले थे। विजय अपने झन्नाटेदार एक्शन दृश्यों से दर्शकों का होश उड़ाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 4 जुलाई को रिलीज हो रही है। उधर आलिया भट्ट और शरवरी वाघ, यशराज फिल्म्स के महिला स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म 'अल्फा' में एक्शन करती दिखेंगी, जिसके लिए उन्होंने 3 महीने की ट्रेनिंग भी ली है। ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी।